भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +775
सोमवार, 7 फरवरी, 2022/18 माघ, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

गुजरात में प्रसाद योजना के अंतर्गत निधि का वितरण

+775. श्री सी.आर. पाटिलः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गुजरात में अब तक पूरी की गई तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन (प्रसाद) योजना संबंधी परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान गुजरात राज्य में योजना के तहत कितनी निधि वितरित की गई है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): महोदय, गुजरात राज्य में प्रशाद योजना के तहत पूरी की गई परियोजनाओं के संबंध में जानकारी निम्नानुसार है:-

परियोजना का नाम और अनुमोदन का वर्ष	**अनुमोदित लागत (करोड़ रु)**	**जारी की गई निधि (करोड़ रु)**
द्वारका का विकास (2016-17)	13.08	10.46
सोमनाथ में तीर्थयात्रा संबंधी सुविधाएं (2016-17)	45.36	45.36
सोमनाथ में प्रोमेनेड का विकास (2018-19)	47.12	44.76

****